# ग्राम पंचायत रायपुर, विकास खण्ड भटियात, जिला चम्बा, हिमाचल प्रदेश के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

**अवधि 04/2022 से 03/2024**

## भाग-एक

**1 प्रस्तावना**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफ़ारिशों के फ़लस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम-1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप-सचिव पंचायती राज विभाग के संशोधन पत्र संख्या पीसीएच-एचसी(5)-सी(15)एलएडी/2006-12669 दिनांक-07-04-2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व हिमाचल प्रदेश, राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत ग्राम पंचायत रायपुर, विकास खण्ड भटियात, जिला चम्बा के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण कार्य विभाग द्वारा निष्पादित किया गया।

**अंकेक्षण अवधि 01-04-2022 से 31-03-2024 तक के दौरान ग्राम पचांयत रायपुर में निम्नलिखित प्रधान एवं सचिव कार्यरत रहे :-**

**प्रधान**

| क्रम संख्या | पदाधिकारी का नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री राजमल | 01-04-2022 से 31-03-2024 |

**सचिव**

| क्रम संख्या | सचिव का नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री सरदार सिंह | 01-04-2022 से 31-03-2024 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार**

ग्राम पंचायत रायपुर, विकास खण्ड भटियात, जिला चम्बा के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखाओं के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई

गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है। जोकि उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ आगामी आवश्यक कार्रवाई हेतु विशेष रूप से लाई जाती है।

| क्र० स० | गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त सार | पैरा संख्या | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 01. | वेंडरों/आपूर्तिकर्ताओं से W, X फॉर्म प्राप्त किये बिना ही खनन सामग्री का अनियमित क्रय/ भुगतान करने बारे। | 8.1 | 16.79 |
| 02. | ठेकेदारों/संविदाकारों से टी०डी०एस० की कटौती न करने के कारण सरकारी राजकोष को वित्तीय हानि बारे। | 8.2 | 0.07 |
| 03. | मनरेगा अनुदान के अंतर्गत संदिग्ध व अनियमित भुगतान बारे। | 9.1 | 4.85 |
| 04. | मनरेगा अनुदान के तहत सामग्री पर तय अनुपात से अधिक व्यय बारे। | 9.2 | 6.28 |
| 05. | 15वें वित्तायोग से मोबाइल फ़ोन, LED टीवी इत्यादि के क्रय पर अनियमित व्यय करने बारे। | 9.3 | 0.65 |
| 06. | सभा निधि (स्व-स्त्रोत) से अनियमित व्यय करने बारे। | 9.4 | 0.15 |
| 07. | बिना प्रॉपर/टैक्स बिलों के अनियमित क्रय तथा संयुक्त हस्ताक्षर के बिना ही किये गये अनियमित भुगतान बारे। | 9.6<br>9.7 | 19.43 |

**(घ) गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन**

हि० प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा ग्राम पंचायत रायपुर का अंकेक्षण, अवधि 04/2014 से 03/2017 तक किया गया था जिसमें सम्मिलित अनिर्णीत पैरों के समायोजन बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या SAD/CBA/2024/02 दिनांक 03-10-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा बताया गया कि, गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई उपरान्त विभाग को सूचित कर दिया जायेगा। प्रस्तुत उत्तर संतोषजनक नहीं है प्रतिवेदन में शामिल अनिर्णीत पैरों पर शीघ्र ही कार्रवाई की जानी सुनिश्चित की जाये। वर्तमान

अंकेक्षण में केवल पैरा संख्या 4 व 20 को ही पुन: प्रारूपित किया गया अन्य पैरों का समायोजन विभाग द्वारा जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय में पैरे निपटान हेतु विशेष कैंप में पैरों पर की गई कार्रवाई को रिपोर्ट से लेकर शामिल किया गया तदोपरान्त निर्णीत पैरों की स्थिति सहित अंकेक्षण प्रतिवेदन में समाविष्ट अन्य लम्बित पैरों की स्थिति निम्न वर्णित है :-

**1. अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2014 से 03/2017 तक**

| क्रम संख्या | पैरा संख्या | पैरा स्थिति | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1. | 3 | अनिर्णीत | - |
| 2. | 4 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण में पुनः प्रारूपित। |
| 3. | 4.1 से 4.2 | अनिर्णीत | - |
| 4. | 5 | निर्णीत | अलग-अलग रजिस्टर खोल दिए गये हैं। |
| 5. | 6 | निर्णीत | वर्गीकृत सार रजिस्टर लगा दिया गया है। |
| 6. | 7 | निर्णीत | राशि 50 वसूल कर लिये गये हैं। |
| 7. | 8 | अनिर्णीत | - |
| 8. | 9 | निर्णीत | राशि ₹12274 रोकड़ बही 62 दिनांक 15-06-2017 |
| 9. | 10 | अनिर्णीत | - |
| 10. | 11 | अंशत:निर्णीत | कार्रवाई देख ली गई है। |
| 11. | 12 | अनिर्णीत | - |
| 12. | 13 | निर्णीत | ₹830 वसूल कर लिये गये हैं। |
| 13. | 14 | अनिर्णीत | - |
| 14. | 15 | अनिर्णीत | - |
| 15. | 16 | अनिर्णीत | - |
| 16. | 17 | अनिर्णीत | - |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 17. | 18 | अनिर्णीत | - |
| 18. | 19 | अनिर्णीत | - |
| 19. | 20 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण में पुनः प्रारूपित। |
| 20. | 21 | अनिर्णीत | - |

## भाग- दो

## 2 वर्तमान अंकेक्षण

ग्राम पंचायत रायपुर, विकास खण्ड भटियात, जिला चम्बा के अवधि 04/2022 से 03/2024 के लेखाओं का वर्तमान अंकेक्षण श्री पवन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 03-10-2024 से 14-10-2024 तक ग्राम पंचायत रायपुर के कार्यालय में किया गया। वर्तमान निधि लेखाओं की विस्तृत जांच हेतु आय एवं व्यय के लिए निम्न मासों का चयन किया गया। जिसके परिणामों को आगामी पैराग्राफों में समाविष्ट किया गया है।

| क्रम संख्या | वित्तीय वर्ष | आय चयनित माह | व्यय चयनित माह |
|---|---|---|---|
| 1. | 2022-2023 | 03/2023 | 05/2022 |
| 2. | 2023-2024 | 03/2024 | 06/2023 |

**अस्वीकरण:-** वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियंत्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। उक्त पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

## 3 अंकेक्षण शुल्क

ग्राम पंचायत रायपुर, विकास खण्ड भटियात, जिला चम्बा के अवधि 04/2022 से 03/2024 तक के लेखाओं के अंकेक्षण हेतु शुल्क ₹5600/- आँका गया है। अंकेक्षण शुल्क की उक्त राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से राजकीय कोष में जमा करवाने हेतु निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला-09 को प्रेषित

करने हेतु पंचायत सचिव से अंकेक्षण अधियाचना संख्या SAD/CBA/2024/12 दिनांक 14-10-2024 द्वारा अनुरोध किया गया।

## 4 वित्तीय स्थिति

ग्राम पंचायत रायपुर द्वारा प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखाओं की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार थी :-

**4.1 (अ) स्व:-स्त्रोत व अनुदान** ग्राम पंचायत रायपुर के अवधि 04/2022 से 03/2024 तक स्व:-स्त्रोतों व अनुदान की वित्तीय स्थिति का संकलित विवरण निम्न प्रकार से है। जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट-1 व 2** में भी दिया गया है।

**1. स्व:-स्त्रोत**

| वित्तीय वर्ष | अथ शेष | प्राप्ति | योग | व्यय | अंतिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|
| 2022-23 | 91711.39 | 238583.00 | 330294.39 | 246530.00 | 83764.39 |
| 2023-24 | 83764.39 | 27321.00 | 111085.39 | 52503.00 | 58582.39 |

**2. अनुदान**

| वित्तीय वर्ष | अथ शेष | प्राप्ति | योग | व्यय | अंतिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|
| 20222023 | 2315191.30 | 12993239.00 | 15308430.30 | 13031253.00 | 2277177.30 |
| 20232024 | 2277177.30 | 6490864.00 | 8768041.30 | 7528734.00 | 1239307.30 |

कुल योग (1+2) **₹58582.39 + ₹1239307.30 = ₹1297889.69**

**(ब) ग्राम पचांयत रायपुर, का दिनांक 31/03/2024 को बैंक खातों में अन्तशेष विवरण**

| क्र० सं० | अनुदान का नाम | खाता संख्या | बैंक का नाम | राशि 31-03-2024 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 15th FC | 50100356259489 | HDFC Dalhousie | **722033.30** |
| 2. | General SDP/ VKVNY/ICDS | 18010105562 | HPSCB Chuwari | **448861.00** |
| 3. | 5th SFC/RGSA | 1325000100225469 | PNB Raipur | **78844.00** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4. | Own Source | 1325000100011123 | PNB Raipur | **46292.39** |
| | | | Cash In hand | **0.00** |
| | | | **TOTAL** | **₹1296030.69** |

**अन्तर (अ-ब) ₹1297889.69 - ₹1296030.69 = ₹1859.00**

**5 बैंक समाधान विवरणी तैयार न करने के कारण रोकड़ बहियों व बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹1859 का अन्तर।**

अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, ग्राम पंचायत रायपुर, द्वारा हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे सकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम **7(3) व 10(1)** की अनुपालना में मासिक आधार पर बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की गई थी। जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अंत में दिनांक 31-03-2024 को रोकड़ बही तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹1859.00 का अन्तर बैंक पासबुक में कम शेष के रूप पाया गया। जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा संख्या 4.1 में दिया गया है।

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-08 दिनांक 07-10-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा सूचित किया कि, भविष्य में बैंक समाधान विवरणी मासिक आधार पर तैयार की जाएगी एवं वर्तमान अंतर का मिलान करके लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवा दिया जायेगा। अत: भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करके बैंक एवं रोकड़ बही का मिलान किया जाना सुनिश्चित किया जाये तथा वर्तमान में अन्तर का अति शीघ्र मिलान भी किया जाये तथा अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

**6 विकासात्मक कार्यों हेतु प्राप्त अनुदानों की राशि ₹12.39 लाख का अवरोधन।**

पंचायत द्वारा **परिशिष्ट 1 व 2** पर अनुदानों से सम्बधित उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनांक 31-03-2024 तक अनुदान से प्राप्त अनुदान राशियों में से ₹1239307.30 की राशि (रोकड़ बही के अनुसार) उपयोग हेतु शेष थी। ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न विकासात्मक कार्यों हेतु प्राप्त अनुदानों की शर्त अनुसार अनुदान राशि को

विहित अवधि के दौरान व्यय किया जाना था। जबकि पंचायत द्वारा अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारण धन का अवरोधन होने के साथ-साथ सरकारी योजनाओं से ग्रामीणों को होने वाले लाभ से भी वंचित होना पड़ा। यह अनियमितता सम्बन्धित पंचायत के कर्मचारियों व पंचायत प्रतिनिधियों के अकुशल वित्तीय प्रबन्धन को भी इंगित करता है।

उक्त राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या-08 दिनांक 07-10-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त स्पष्ट किया कि, भविष्य में प्राप्त अनुदान को समय पर खर्च किया जायेगा। अत: अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों स्पष्ट करते हुए अनुदान के व्यय हेतु सक्षम अधिकारी से अवधि बढ़ौतरी की स्वीकृति प्राप्त करके उक्त राशि को व्यय करना सुनिश्चित किया जाये एवं कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**7 पंचायत राजस्व, गृहकर की बकाया राशि ₹0.80 लाख की वसूली न करने बारे।**

हि० प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 33 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार ग्राम पंचायत सचिव का दायित्व है कि, समस्त राजस्व को नियमित व अविलम्ब रूप से वसूलने व सम्बन्धित ग्राम पंचायत के खातों में समय पर जमा करवाना सुनिश्चित करें, तथा हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 114 में प्रावधान है कि कोई व्यक्ति किसी कर, शुल्क, दर राशि का भुगतान नहीं करता तो वह जुर्माने के साथ दण्ड का भागीदार होगा।

ग्राम पंचायत रायपुर के अंकेक्षण में पाया गया कि, पंचायत सचिव द्वारा सम्पति कर (गृहकर) रजिस्टर को संधारित नहीं किया गया था। जिस कारण सम्पति कर की वार्षिक मांग व गत बकाया राशि बारे पुष्टि नहीं हो सकी। ग्राम पंचायत द्वारा धारा 114 के अनुरूप गृहकर का समय पर भुगतान न करने के लिए चुककर्ताओं पर दण्ड लगाने हेतु भी कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। पंचायत द्वारा पंजीकृत परिवारों के आधार पर उपलब्ध करवाए गए अभिलेखानुसार निम्न ₹80310 राशि वसूली हेतु शेष है।

| वित्तीय-वर्ष | गत शेष | कुल परिवार | दर | वर्ष के दौरान मांग | कुल मांग | कुल प्राप्त राशि (₹) | बकाया राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2022-23 | 78210 | 720 | 30 | 21600 | 99810 | 30000 | 69810 |
| 2023-24 | 69810 | 720 | 30 | 21600 | 91410 | 11100 | 80310 |

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-11 दिनांक 09-10-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों व आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त सूचित किया गया कि, पंचायत राजस्व की वसूली समय पर की जाएगी। उत्तर ग्राम पंचायत द्वारा अप्रभावी निगरानी का द्योतक है जिसके परिणाम स्वरूप राजस्व का गैर संग्रहण/हानि हो सकती है। अतः सम्पति/गृहकर की बकाया राशि की शीघ्रातिशीघ्र वसूली करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**7.2 विवाह पंजीकरण शुल्क की वसूली गई राशि को सरकारी राजकोष में जमा न करना**

हिमाचल प्रदेश विवाह रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1996 की धारा 22 एवं हि०प्र० सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण विभाग की अधिसूचना संख्या WLF-A(3)-1/97, दिनांक 17-12-2004 व SJE-A-A(3)-1/2015 दिनांक 04-10-2016 एवं पंचायती राज विभाग द्वारा जारी पत्र संख्या PCH-HA(1)8/2013-Marrige-8107-10 दिनांक 28-10-2016 के अनुसार विवाह पंजीकरण के शुल्क की वसूली करने उपरान्त वसूली गई राशि को सरकारी राजकोष के प्राप्ति शीर्षक खाता संख्या "0235-00-800-03" में विवाह रजिस्ट्रार द्वारा जमा की जानी अपेक्षित है।

अभिलेखों के अंकेक्षण में पाया गया कि, उक्त पंचायत सचिव द्वारा निम्न विवरणानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के तौर पर वसूली गई राशि ₹3100/- को सरकारी राजकोष में जमा नहीं करवाया गया था अपितु इसे पंचायत के सभा निधि के बैंक खाते में रखा गया था जोकि उक्त नियमानुसार अनुचित है।

| वित्तीय वर्ष | कुल पंजीकृत विवाह | APL Rate | | राशि | BPL Rate | | राशि | कुल राशि सामान्य व BPL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Without Late Fee | With Late Fee | | Without Late Fee | With Late Fee | | |
| 2022-2023 | 16 | 07@200 | 01@400 | 1800 | 8@25 | - | 200 | 2000 |
| 2023-2024 | 16 | 04@200 | - | 800 | 12@25 | | 300 | 1100 |
| **कुल योग** | **32** | **11@200** | **01@400** | **2600** | **20@25** | | **500** | **3100** |

इस सम्बन्ध में जारी अधियाचना संख्या-11 दिनांक 09-10-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा बताया कि, विवाह पंजीकरण शुल्क की वसूली उपरान्त उसे शीघ्र ही सरकारी राजकोष में जमा करवा दिया जायेगा। अत: उपरोक्त राशि ₹3100 की वसूली करने उपरान्त सम्बन्धित खाते/कोष में जमा करवाई जानी सुनिश्चित की जाये तथा गत वर्षों में इस प्रकार से सरकारी राजकोष में जमा नहीं करवाई गई राशि को भी जमा करवाना सुनिश्चित किया जाये। भविष्य में इस प्रकार की गलती की पुनरावृत्ति न की जाये तथा अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवाया जाये।

**8 आपूर्तिकर्ताओं/वेडरों से W, X फॉर्म प्राप्त किये बिना ही राशि ₹16.79 लाख की खनन सामग्री का अनियमित क्रय/भुगतान करने बारे।**

हि० प्र० माइनर मिनरल्स नियम 2015 के नियमों एवं निदेशक पंचायती राज व ग्रामीण विकास के पत्र संख्या-204192 /1-General/2023-DB-(RD&PR)-XEN 30-34307-2023/ दिनांक 20-11-2023 द्वारा माननीय हाई कोर्ट के आदेशों CWP No. 868 of 2023 के अनुसार किसी कांट्रेक्टर/वेंडर से खनन सामग्री की आपूर्ति/क्रय करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व अन्य प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित वैध ट्रांजिट पास (फॉर्म-W) या सप्लीमेंट्री ट्रांजिट पास (फॉर्म-X) उपलब्ध करवाने उपरान्त ही भुगतान किया जाना अपेक्षित था।

परन्तु ग्राम पंचायत रायपुर के अभिलेखों के चयनित माहों के अंकेक्षण एवं पंचायत द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के आधार पर पाया गया कि, पंचायत द्वारा वेंडरों/ठेकेदारों से बिना W,X-फॉर्म प्राप्त किये ही राशि ₹1678693.50 (संलग्न **परिशिष्ट "4"** के अनुसार) की खनन सामग्री जैसे रेत, बजरी व पत्थर इत्यादि का क्रय किया तथा उक्त राशि का अनियमित भुगतान सम्बन्धित वेंडरों को किया गया जिससे उक्त आदेशों/नियमों की पूर्णत: अवहेलना की गई है।

इस गम्भीर अनियमितिता बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 04 दिनांक 07-10-2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि के उपरान्त कहा कि, पंचायत द्वारा आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान W,X फॉर्म प्राप्त किये बिना ही किया गया लेकिन इस सम्बन्ध में शीघ्र ही नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर विभाग को यथाशीघ्र अवगत करवा दिया जायेगा। उत्तर संतोषजनक नहीं है।

अभिलेखों के अवलोकन व प्रस्तुत उत्तर से ऐसा प्रतीत होता है कि, पंचायत में निष्पादित कार्यों हेतु क्रय खनन सामग्री का भुगतान बिना W, X फॉर्म प्राप्त किया बिना ही किया जा रहा है। जोकि उक्त आदेशों व नियमों के प्रतिकूल है। चूँकि बिना W, X फॉर्म के क्रय से यह भी सुनिश्चित नहीं किया जा सका कि वेंडर, जिससे क्रय किया गया वह खनन सामग्री के विक्रय हेतु अधिकृत था अथवा नहीं जिससे अवैध खनन के साथ-साथ खनन सामग्री पर सरकार को प्राप्त होने वाले राजस्व GST, रॉयल्टी की वित्तीय हानि की सम्भावना को भी नहीं नकारा जा सकता है। यह एक गम्भीर अनियमितता है जो उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ विशेष रूप से लाई जाती है। अत: उक्त अनियमितता को न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत कार्रवाई/अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को यथाशीघ्र अवगत करवाया जाये।

### 8.2 संविदाकारों से टी०डी०एस० की कटौती न करने के कारण सरकार को राशि ₹6528 की वित्तीय हानि बारे।

आयकर अधिनियम 1961 की धारा 194(C) के अनुसार आहरण व संवितरण अधिकारी द्वारा भुगतान करने से पूर्व TDS की कटौती करना एवं उसे सरकारी कोष में समयबद्ध तिथि को जमा करवाना अनिवार्य है।

ग्राम पंचायत रायपुर के चयनित माहों के अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान संलग्न **परिशिष्ट "5"** के अनुसार राशि ₹326399/- का भुगतान किया गया। परन्तु उक्त भुगतान करते समय स्त्रोत पर कर कटौती (TDS) नहीं की गई थी। जिससे आयकर अधिनियम के उपरोक्त प्रावधानों की अवहेलना हुई जिसके फलस्वरूप सरकारी राजस्व के तौर पर राशि ₹6527.98/- (2%) की वित्तीय हानि आहरण व संवितरण अधिकारी के कारण हुई है।

इस अनियमितता के सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-05 दिनांक 07-10-2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा कि, टी.डी.एस.के सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी न होने के अभाव में इसकी कटौती नहीं की गई परन्तु इस सम्बन्ध में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उत्तर संतोषजनक नहीं है।

अत: आहरण व संवितरण अधिकारी द्वारा उक्त प्रकरण में टी.डी.एस की कटौती किये बिना किये गये भुगतानों को न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा आयकर अधिनियमों के तहत आहरण व संवितरण अधिकारी से उक्त राशि की वसूली व्याज सहित करके तुरंत सरकारी राजकोष में जमा करवाया जाये इसके अतिरिक्त इस प्रकार के अन्य मामलों में अपने स्तर पर गणना करके राशि को जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को भी अवगत करवाया जाये।

### 8.3 कनिष्ठ अभियंता स्तर पर निष्पादित राशि ₹30 लाख के निर्माण कार्यों से सम्बंधित स्वीकृति/कार्य आदेश, प्राक्कलन, मापन पुस्तिका इत्यादि प्रस्तुत न करना।

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षण, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 व संशोधित नियम 2017 के नियम 94, 95 व 101 के अनुसार किसी भी विकास कार्य का निष्पादन प्रशासनिक, तकनीकी स्वीकृति, मापन पुस्तिका व प्राक्कलन तैयार किये बिना नहीं किया जा सकता है।

ग्राम पंचायत की चयनित माहों की लेखा परीक्षा के दौरान निम्नविवरणानुसार राशि ₹3000000 के करवाए गए कार्यों के प्रशासनिक, तकनीकी स्वीकृति, कार्य आदेश,

प्राक्कलन, व प्रपत्र-34 इत्यादि लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गए। जिसके अभाव में किये गए कार्यों व उसमें प्रयुक्त सामग्री/लेबर के व्यय, खपत, सत्यता एवं प्रमाणिकता की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की जा सकी।

| **क्रम संख्या अनुदान/** | **कार्य विवरण** | **स्वीकृत राशि** | **अभिलेख जो प्रस्तुत नहीं किये** |
|---|---|---|---|
| ICDS& .1 MGREGA | कार्य:आंगनबाड़ी भवन कुडी | 1000000 | MBEstimate, Work Order and Technical sanction order,UCC, Form 13C in Format-34.etc |
| 2.MGREGA | कार्य:सामुदायिक भवन रायपुर फेज-1 | 1000000 | MB,Estimate Work Order and Technical sanction order,Format-34.etc |
| 3.MGREGA | कार्य:सामुदायिक भवन रायपुर फेज-2 | 1000000 | |
| | **कुल योग** | **3000000** | |

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-07 दिनांक 07-10-2024 के प्रत्युत्तर में कहा कि, उक्त निर्माण कार्यों का निष्पादन कनिष्ठ अभियंता द्वारा करवाया गया है तथा इससे सम्बन्धित सभी अभिलेख विकास खंड कार्यालय में उनके पास पड़े है अंकेक्षण बारे उने सूचित कर दिया गया था परन्तु न तो उन्होने अभिलेख पंचायत को प्रेषित किये ओर न ही वे स्वयं उपस्थित हुए। प्रस्तुत उत्तर संतोषजनक नहीं है चूँकि उक्त कर्मचारी द्वारा करवाये गए कार्यों के अभिलेखों का पंचायत में उपलब्ध न करवाना आपत्तिजनक है। अत: उक्त वांछित अभिलेखों को उपलब्ध न करवाने का औचित्य स्पष्ट करते हुए न्यायोचित ठहराया जाये तथा मामले में अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**9.1 मनरेगा अनुदान के अंतर्गत राशि ₹4.85 के संदिग्ध व अनियमित भुगतान बारे।**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त,बजट,लेखे,सकंर्म,कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 44 से 49 में वर्णित विविध प्रावधानों को पूर्ण करने उपरान्त ही व्यय/भुगतान किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत रायपुर के चयनित माहों के अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा निम्नविवरण राशि ₹484676 का भुगतान मनरेगा अनुदान से किया गया लेकिन व्यय में निम्न वर्णित अनियमितताएं पाई गई:-

| Supplier Detail | Material Detail | Bill/Date & BillAmount | Vr.No/ Date | Paid Amount |
|---|---|---|---|---|
| 1. M/S Mahajan Construction Co.Chuwari. Chamba GSTIN NO.02BCWPM5904N1Z 2 | Interlock Tiles 8946No. @ 18.90GST 18% GST | 2152/ 26-06-23 199513.22 | Nil/ 28-06-23 | 31939.02 |
| | | | Nil/ 19-09-23 | 137050.92 |
| | | | Unpaid | 30523.28 |
| 2. M/S Mahajan Construction Co.Chuwari. Chamba | Agg.21.36m3@1765 Sand 26.28m3@1942 Stone 50m3@1000 | 2151/Nil 138735 | Nil/28-06-2023 | 138735.00 |
| 3. M/S Mahajan Construction Co.Chuwari. | Agg.35.17m3@1765 Sand 24m3@1772 | 1035/ 30-03-2023 | Nil/28-06-2023 | 146428.00 |
| | | | **TOTAL** | **₹484676.22** |

1. उक्त तालिका में वर्णित बिलों को ग्राम पंचायत के DDO (प्रधान व सचिव) द्वारा भुगतान हेतु सत्यापित व हस्ताक्षरित नहीं किया गया तथा इन पर अदायगी हेतु पारित प्रस्ताव संख्या व दिनांक भी अंकित नहीं है जोकि नियम 49 के प्रतिकूल होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है।
2. ग्राम पंचायत द्वारा संधारित स्टॉक रजिस्टर में भी उक्त क्रय बिलों के अंतर्गत क्रय स्टोर/स्टॉक का इन्द्राज नहीं पाया गया जोकि संदिग्ध प्रतीत होता है।
3. ग्राम पंचायत द्वारा नियम 48 के अंतर्गत बिल रजिस्टर का संधारण नहीं किया गया था जिससे कि उक्त व्यय बिलों की वास्तविकता की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की जा सकी।
4. उक्त वर्णित बिलों का भुगतान प्रॉपर/टैक्स बिल पर न करके केवल परफोर्मा बिल पर कर दिया गया जोकि उचित प्रतीत नहीं होता है।

उक्त गम्भीर अनियमितता के सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 10 दिनांक 08-10-2024 के प्रत्युत्तर में तथ्यों व आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त सचिव द्वारा स्पष्ट किया कि, उक्त राशि का भुगतान ग्राम रोजगार सेवक श्री सोमराज द्वारा पंचायत की जानकारी की बिना ही अपने स्तर पर किया गया तथा इस सम्बन्ध में विकास खंड अधिकारी को भी सूचित कर दिया गया है उक्त व्यय बिलों का पंचायत में कोई भी स्टोर/स्टॉक प्राप्त नहीं हुआ है।

उक्त तथ्यों व पंचायत द्वारा प्रस्तुत उत्तर के दृष्टिगत ऐसा प्रतीत होता है कि उक्त व्यय राशि के सम्बन्ध में न केवल वित्तीय व प्रक्रियात्मक चूक सम्बन्धी जैसी अनियमिताएं हुई है। अपितु इसमें राशि के वित्तीय हानि/दुर्विनियोजन की सम्भावना से भी नहीं किया जा सकता है। यह एक गम्भीर अनियमितता है जोकि उच्चाधिकारियों के समक्ष विशेष तौर पर लाई जाती है। अत: उक्त व्यय को न्यायोचित ठहराते हुए अपना स्पष्टीकरण अनुवर्तन रिपोर्ट के साथ शीघ्र प्रेषित करें अन्यथा उक्त राशि की प्रतिपूर्ति नियमानुसार करके खाते में जमा करवाई जाये तथा कृत कार्रवाई से लेखा परीक्षा विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

**9.2 मनरेगा अनुदान के अंतर्गत सामग्री पर तय अनुपात से राशि ₹6.28 लाख का अधिक अनियमित व्यय करने बारे।**

मनरेगा परिचालन दिशा-निर्देश 2013 (MNREGA Operatinal Guidlines 2013) **नियम 7.4** के अंतर्गत पंचायत स्तर पर मजदूरी व सामग्री को तय अनुपात में खर्च किये जाने के नियम प्रावधित हैं। जिसके अंतर्गत मजदूरी लागत का भौतिक लागत से अनुपात अधिनियम में निर्धारित 60:40 (मजदूरी व सामग्री) के न्यूनतम मापदंड से कम नहीं होना चाहिए।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा निम्नविवरणानुसार सामग्री पर तय अनुपात से राशि ₹627510 (6.50%) का अधिक व्यय किया गया। चूँकि सामग्री पर तय अनुपात से अधिक व्यय से रोजगार का कम सृजन हुआ जिसके परिणामस्वरूप ग्राम वासियों को कम कार्य दिवस मिले। जोकि न केवल उक्त दिशा-निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना

है अपितु मनरेगा योजना के मौलिक उदेश्य "ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाने" को भी हतोत्साहित करता है।

| क्रम. | वित्तीय वर्ष | कुल व्यय (लाखों में) | मजदूरी पर व्यय(लाखों में) | मजदूरी पर व्यय प्रतिशतता | सामान पर व्यय (लाखों में) | सामान पर व्यय प्रतिशतता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023-24 | 96.54 | 51.65 | 53.50% | 44.90 | 46.50% |
| | **सामाग्री पर तय अनुपात से अधिक व्यय** | | | | **₹627510** | **+6.50%** |

इस सन्दर्भ में जारी अधियाचना संख्या-09 दिनांक 07-10-2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा कहा गया कि, मनरेगा के अंतर्गत तय अनुपात से सामग्री के अधिक व्यय की सक्षम अधिकारी से स्वीकृति ली जाएगी। अत: उक्त अनियमितता से न केवल सामग्री पर तय अनुपात से अधिक व्यय किया गया अपितु ग्रामीणों को मिलने वाले रोजगार में कमी पंचायत के कारण हुई जोकि आपत्तिजनक है। अतः मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**9.3 15वें वित्तायोग से राशि ₹0.65 लाख का अनियमित व्यय करने बारे।**

सचिव व निदेशक पंचायती राज विभाग हिमाचल प्रदेश के पत्र संख्या PCH-HC(10)1/2018-15th FC-75344-439 दिनांक 02 सितम्बर 2021 के अंतर्गत 15वें वित्तायोग के तहत अनटाईड ग्रांट के अंतर्गत निहित **परिशिष्ट I व II** में उक्त अनुदान के अंतर्गत स्वीकार्य सांकेतिक मदों/कार्यों की सूची में ही व्यय किया जाना अपेक्षित था।

ग्राम पंचायत के अभिलेखों के अंकेक्षण दौरान व्यय वाउचरों के अवलोकन में पाया गया कि पंचायत द्वारा 15वें वित्तायोग से निम्न विवरणानुसार राशि ₹64799 का व्यय मोबाईल फ़ोन, LED टीवी, DISH इत्यादि के क्रय पर किया गया जोकि उक्त नियम/आदेश के तहत जारी स्वीकार्य सांकेतिक मदों/कार्यों की सूची में निहित न होने के कारण प्रतिकूल प्रतीत होता है।

| क्र०स० | वाउचर/दिनांक | आपूर्तिकर्ता का विवरण | सामान का विवरण | राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 18/05-05-2022 | मै०राणा ट्रेडर्स, चुवाड़ी | LED TV & DISH | 29800 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2. | 128/20-01-23 | मै० महाजन कम्युनिकेशन चुवाड़ी | मोबाईल फ़ोन | 34999 |
| | | | **कुल योग** | **₹64799** |

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-09 दिनांक 07-10-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव ने कहा कि, उक्त अनुदान से व्यय राशि की सक्षम अधिकारी से स्वीकृति ली जाएगी। अत: उक्त मदों पर किये गये व्यय को नियमानुसार न्यायोचित ठहराते हुए सक्षम अधिकारी से स्वीकृति ली जाये अन्यथा अनियमित व्यय की प्रतिपूर्ति करके सम्बन्धित खाते में जमा करवा कर कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

**9.4 सभा निधि (स्व-स्त्रोत) से राशि ₹0.15 लाख का अनियमित व्यय करने बारे।**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त,बजट,लेखे,सम्परीक्षा,संकर्म,कराधान एवं भते) नियम 2002 के **नियम 8(1)** के अनुसार बजट उपबंधों के अधीन समनुदेशित कर्तव्यों और कृत्यों के अनुपालन के लिये खाता- क से ग्राम पंचायत द्वारा उपगत व्यय, ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित करने उपरान्त ग्राम पंचायत निधि पर विधि मान्य प्रभार होगा।

ग्राम पंचायत रायपुर के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि, पंचायत द्वारा तिरंगा झंडों के क्रय हेतु वाउचर संख्या 03 व 04 दिनांक 25-09-2023 को राशि ₹15000 (12500+2500) का भुगतान जिला पंचायत अधिकारी को सभा निधि में से किया गया जबकि नियमानुसार यह भुगतान वितरित झंडों से एकत्रित राशि में से किया जाना अपेक्षित था। जोकि न केवल उक्त नियमों की स्पष्ट अवहेलना है, अपितु यह संदिग्ध भी प्रतीत होता है।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या-09 दिनांक 07-10-2024 द्वारा उक्त प्रकरण सचिव के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा गया कि, सभा निधि से तिरंगा पर व्यय की सक्षम अधिकारी से स्वीकृति ले ली जाएगी।

अत: किये गए उक्त व्यय से सम्बन्धित आवश्यक कार्रवाई करके व सक्षम अधिकारी से कार्योतर स्वीकृति लेकर उक्त व्यय को नियमित करवाया जाए अन्यथा उक्त राशि की प्रतिपूर्ति उचित स्त्रोत से करके सभा निधि में शीघ्र जमा करवाया जाये एवं भविष्य में इस प्रकार के गलती के पुनरावृत्ति न हो इसका भी ध्यान रखा जाये तथा कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को यथाशीघ्र अवगत करवाया जाये।

**9.5 विहित औपचारिकताओं (Codal Formalities) को पूर्ण किए बिना ही राशि ₹12.28 लाख के स्टॉक/स्टोर का अनियमित क्रय करने बारे।**

हि०प्र० पंचायती राज ((वित्त,बजट,लेखे,सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 67(2) 67(3,क) 67(4), 67(5), 69 एवं 70 स्टॉक/स्टोर का क्रय, भंडारण एवं जारी करने की औपचारिकतायें पूर्ण करने उपरान्त ही क्रय किया जाना अपेक्षित है।

परन्तु पंचायत के चयनित माहों के अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा संलग्न **परिशिष्ट "3"** के अनुसार राशि ₹1228198/- के स्टॉक/स्टोर का क्रय उप-समिति के अनुमोदन बिना केवल पंचायत प्रधान व सचिव द्वारा अपने स्तर पर किया गया। इस क्रय हेतु न तो तुलनात्मक विवरण तैयार किया गया और ही कोई आपूर्ति आदेश इत्यादि पाये गये जोकि अनियमित व आपत्तिजनक है।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या-06 दिनांक 07-10-2024 द्वारा उक्त प्रकरण सचिव के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा गया कि, भविष्य में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। उत्तर संतोषजक नहीं है अत: मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवाया जाये।

**9.6 बिना प्रॉपर/टैक्स बिलों के राशि ₹19.43 लाख के स्टोर/स्टॉक का अनियमित क्रय व भुगतान करने बारे।**

ग्राम पंचायत रायपुर के चयनित माहों के अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा संलग्न **परिशिष्ट "6"** के अनुसार राशि ₹1942891.22 का भुगतान विभिन्न सामग्रियों के क्रय की एवज में किया गया परन्तु इन बिलों के अवलोकन में पाया गया यह

बिल प्रॉपर/टैक्स बिल न होकर केवल सादे कागज, केश मैमों एवं परफोर्मा बिल हैं। इसके अतिरिक्त उक्त वेंडरों की GST पंजीकरण प्रतिलिपि भी अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं की गई जिससे कि यह भी सुनिश्चित नहीं किया जा सका कि उक्त विक्रेता GST धारक है या नहीं? जिससे कि, इनकी सत्यता एवं प्रमाणिकता की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की जा सकी इस प्रकार के बिलों की कुच्छ प्रतिलिपियाँ इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर संलग्न हैं।

इस गम्भीर अनियमितता बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 03 दिनांक 07-10-2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि कहा कि, पूर्ण जानकारी न होने के अभाव में आपूर्तिकर्ताओं द्वारा अधिकतर सादे कागज, केश मैमों व परफोर्मा बिलों पर ही दावे किये गये जिनका भुगतान पंचायत द्वारा GST सहित किया गया परन्तु इस सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी न होने के अभाव में यह सुनिश्चित नहीं किया गया कि वास्तव में GST को सरकारी राजकोष में जमा करवाया जा रहा है अथवा नहीं ? उक्त मामले की पंचायत स्तर पर छानबीन करके कृत कार्रवाई से अंकेक्षण विभाग को शीघ्र अवगत करवा दिया जायेगा। अत: इस सम्बन्ध में अपना पक्ष ठोस तथ्यों व अभिलेखों सहित यथाशीघ्र प्रस्तुत करते हुए उक्त किये गए व्यय को न्यायोचित ठहराया जाये तथा इसे अनुवर्तन रिपोर्ट के साथ शीघ्र ही प्रेषित किया जाये अन्यथा मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**9.7 सयुंक हस्ताक्षर के बिना ही राशि ₹19.43 लाख का अनियमित भुगतान करने बारे।**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षण, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम **49(1)** के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा भुगतान हेतु ग्राम पंचायत प्रधान व सचिव दोनों द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरित किया जाना जरुरी है।

ग्राम पंचायत के चयनित माहों के अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत प्रधान द्वारा एकल हस्ताक्षर से ही (संलग्न **परिशिष्ट "6")** राशि ₹1942891.22/- भुगतान किये गए थे जोकि न केवल उक्त नियमों की स्पष्ट अवहेलना है अपितु यह संदिग्ध भी प्रतीत होता है जिसके अंतर्गत राशि के दुर्विनियोजन की सम्भावना को भी नहीं नकारा जा सकता है एवं न ही किये गए भुगतानों की सत्यता व प्रमाणिकता की पुष्टि नहीं की जा सकी।

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-09 दिनांक 07-10-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव ने कहा कि, भविष्य में नियमानुसार संयुक्त हस्ताक्षर उपरान्त ही बिलों का भुगतान किया जायेगा। उत्तर संतोषजनक नहीं है। अत: नियमविरुद्ध किये गए भुगतानों को न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत कार्रवाई से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

**9.8 पंचायत की माप पुस्तिकाओं के रख-रखाव में पाई गई विविध अनियमितताओं बारे।**

हि०प्र० पंचायती राज ((वित्त, बजट, लेखे, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के चैप्टर-11 के नियम 101 (ग) के अनुसार तकनीकी सहायकों की माप पुस्तिकाओं को कनिष्ट अभियंता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया जाना अनिवार्य है।

ग्राम पंचायत के तकनीकी स्तर पर करवाए गए निर्माण कार्यों की माप पुस्तिकाओं के अवलोकन में पाया गया कि यह उक्त नियमानुसार कनिष्ट अभियंता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित नहीं की गई थी जिससे कि अभिलेख की सत्यता व प्रमाणिकता की पुष्टि अंकेक्षण में नहीं की जा सकी। इस सम्बन्ध में अंकेक्षण अधियाचना संख्या 09 दिनांक 07-10-2024 के प्रत्युत्तर में कहा गया कि, भविष्य में उक्त अनियमितताओं की पुनरावृत्ति नहीं की जाएगी। उत्तर संतोषजनक नहीं हैं उक्त अनियमितताओं के सन्दर्भ में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाये।

**9.9 मनरेगा मटेरियल व वर्क रजिस्टर के संधारण में पाई गई विविध अनियमिततायें एवं मनरेगा रोकड़ बही को प्रस्तुत न करने बारे।**

**(क)** ग्राम पंचायत के मनरेगा ऑनलाइन मटेरियल रजिस्टर के अवलोकन में पाया गया कि, पंचायत द्वारा मनरेगा अनुदान के तहत वित्तीय वर्षो 2022-2023 एवं 2023-2024 के दौरान कुल ₹3710721 का स्टोर/स्टॉक क्रय किया गया था परन्तु उक्त ऑनलाइन रजिस्टर में क्रय स्टोर/स्टॉक को तकनीकी सहायक द्वारा न तो सत्यापित किया गया था और न ही इसके अथशेष, अन्तशेष तथा स्टॉक रजिस्टर प्रविष्टि का विवरण भरा गया है इसके अतिरिक्त मनरेगा ऑनलाइन वर्क रजिस्टर के अवलोकन में पाया गया कि, इसमें

कार्य पूर्ण होने की वास्तविक तिथि को नहीं भरा जा रहा है जोकि न केवल नियमानुसार अनुचित है अपितु इसके अभाव में स्टोर/स्टॉक के दुर्विनियोजन व कार्य में किसी प्रकार के अनाधिकृत समायोजन प्रविष्टि की सम्भावना को भी नहीं नकारा जा सकता है।

**(ख)** ग्राम पंचायत के मनरेगा अनुदान की रोकड़ बही को लेखा परीक्षा के दौरान प्रस्तुत नहीं किया गया आय-व्यय विवरण को ऑनलाइन वित्तीय विवरण से तैयार किया गया है जिससे कि, मनरेगा की रोकड़ बही का सत्यापन नहीं किया जा सका।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या-09 दिनांक 07-10-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव, द्वारा सूचित किया कि, मनरेगा अनुदान के अभिलेखों को भविष्य में पूर्ण रूप से भरा जायेगा। प्रस्तुत उत्तर संतोषजनक नहीं है। अत: नियमविरुद्ध अपनाई गई इस कार्यप्रणाली को न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जाये तदानुसार कृत कार्रवाई से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

**9.10 मनरेगा अनुदान के तहत व्यय राशि ₹0.46 लाख के बिल/वाउचरों को अंकेक्षण में प्रस्तुत न करने बारे।**

